प्रैस नोट

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी में साल 2017 में 3977 लोगों ने आवेदन किया था। इनमें से 1750 आवेदनकर्ता ही योजना का लाभ लेने योग्य पाएं गए है। वहीं इनमें से 1214 आवेदनकर्ताओं की फाइल प्रोसेस में चल रही है और 584 आवेदनकर्ताओं को योजना के तहत आर्थिक सहायता के रूप में मिलने वाली अनुदान राशी विभाग द्वारा जारी कर दी गई हैं। इसके अलावा बचे हुए आवेदन 2227 आवेदनकर्ताओं की फाइलें दस्तावेज के अभाव में अमान्य घोषित हो चुकी है। ऐसे में अन्य बचे हुए अम्बाला शहर, अम्बाला सदर, बराडा व नारायणगढ में लगभग 846 प्रार्थियों द्वारा मलकियत से सम्बंधित व अन्य दस्तावेज जमा नहीं करवाया गए।

अतः उक्त 846 प्रार्थियों द्वारा दिनांक 24 मार्च, 2025 तक सात दिन का समय दस्तावेज जमा करवाकर योजना का लाभ लेने हेतु दिया जाता है दिनांक 24.03.2025 के बाद उक्त प्रार्थियों द्वारा दस्तावेज जमा न करवाने की स्थिति में उनके द्वारा भरे गए फॉर्म को रदद कर दिया जाएगा।